व्यथा | सांसद भारती पारधी ने सुनी ग्रामीणों की व्यथा

# विकास की चमक या प्रदूषण का अंधेरा?



**नवभारत, बैहर।** विकास और औद्योगिक प्रगति के दावों के बीच मलाजखंड से एक ऐसी तस्वीर सामने आ रही है जो रूह कंपा देने वाली है। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के संचालन से जुड़ी कथित समस्याओं ने आज स्थानीय जनजीवन को एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इसी जमीनी हकीकत का जायजा लेने आज क्षेत्रीय सांसद भारती पारधी मलाजखंड पहुँचीं और स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया।

मुलाकात के दौरान सांसद भारती पारधी ने केवल औपचारिकता नहीं निभाई, बल्कि हर पीड़ित की बात को बेहद संवेदनशीलता से सुना। ग्रामीणों ने निम्नलिखित प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखा:

पेयजल का संकट: * स्वच्छ पानी की अनुपलब्धता और जल स्रोतों का दूषित होना।*जर्जर बुनियादी ढाँचा: *खस्ताहाल सड़कें जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। स्वास्थ्य का गिरता स्तर: बुजुर्गों और बच्चों में बढ़ती गंभीर बीमारियाँ।

### धूल और धुएं के बीच सिसकता जनजीवन

सांसद के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों का दर्द छलक पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि आज मलाजखंड में साँस लेना भी दूभर हो गया है। खनन गतिविधियों से उड़ने वाली धूल और जहरीले तत्वों ने हवा को इस कदर प्रदूषित कर दिया है कि *श्वसन संबंधी बीमारियाँ और त्वचा रोग* हर घर की कहानी बन चुके हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बुनियादी सुविधाओं के नाम पर उन्हें सिर्फ बदहाल सड़कें और दूषित वातावरण मिला है।


सांसद भारती पारधी ने इस भयावह स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी कंपनी का प्रबंधन जनमानस के स्वास्थ्य और पर्यावरण की कीमत पर काम नहीं कर सकता। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा: 'पर्यावरण सुरक्षा और जनता का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मुद्दे को केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उच्च प्रबंधन के समक्ष पूरी मजबूती से उठाया जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी तो केंद्र स्तर पर भी इस समस्या के ठोस समाधान के लिए हस्तक्षेप किया जाएगा।'

स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन और कंपनी प्रबंधन तत्काल हस्तक्षेप करे। यह मामला अब केवल एक क्षेत्रीय शिकायत नहीं, बल्कि *पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक न्याय* की लड़ाई बन चुका है। विशेषज्ञों का भी मानना है कि यदि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो मलाजखंड एक बड़े मानवीय और पर्यावरणीय संकट की चपेट में आ सकता है।

## पुरातत्व संग्रहालय में मनाया जायेगा जैन धरोहर दिवस




**बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट के संग्रहाध्यक्ष डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने बताया कि 18 अप्रैल 2026 विश्व पुरातत्व धरोहर दिवस से 18 मई 2026 विश्व पुरातत्व संग्रहालय दिवस तक मासिक धरोहर संवाद प्रारंभ है, इसी श्रृंखला में जैन धरोहर दिवस 27 अप्रैल 2026 में मनाया जायेगा, ज्ञात हो कि संग्रहालय में जैन धर्म की अलौकिक पुरातात्विक महत्व की खंडित प्रतिमा संरक्षित की गई है। जिसका अवलोकन करने जैन समाज के श्रध्देय मुनिवर, गणमान्य जन निरन्तर आते-आते जाते रहते है। इसी तरह सालेटेकरी के ग्राम पंचायत रधोली में भी चार नग खंडित पुरातत्व जैन प्रतिमाएं मंदिर में स्थापित की गई है। जिसका पूजन वृहद रुप में ग्रामीण समुदायों द्वारा किया जाता है।



# बालाघाट में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण आयोजित

**दोनों पालियों में 3,866 अभ्यर्थियों में से बड़ी संख्या रही उपस्थिति**

**नवभारत, बालाघाट।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन रविवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें पहली पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक चली। जिले में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 3,866 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्थाएं की गई थीं। पहली पाली में 2,948 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 918 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 2,903 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 963 अभ्यर्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए। परीक्षा के लिए बनाए गए प्रमुख केंद्रों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरवेली, सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय वीरांगना रानी दुर्गावती विद्यालय, शासकीय कमला नेहरू गर्ल्स कॉलेज, जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, एक्सीलेंस स्कूल तथा अपोलो कॉन्वेंट स्कूल सहित अन्य संस्थान शामिल रहे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया। कुल मिलाकर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें अभ्यर्थियों ने अनुशासन के साथ भागीदारी निभाई।

# जिला जेल बालाघाट में विशेष जेल लोक अदालत आयोजित



### बंदियों को मिला राहत का अवसर

**नवभारत, बालाघाट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर आज 26 अप्रैल को जिले की जेलों में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला जेल बालाघाट में भी यह आयोजन संपन्न हुआ, जिसका उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की कार्यवाही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेष कुमार प्राण की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों के राजीनामा योग्य आपराधिक मामलों को लोक अदालत खंडपीठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां फरियादी एवं आरोपी पक्ष की उपस्थिति में आपसी सहमति से प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया पूरी की गई।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेष कुमार प्राण ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष जेल लोक अदालत का उद्देश्य बंदियों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर उन्हें प्लीबार्गेनिंग योजना का लाभ दिलाना है, ताकि वे नए सिरे से जीवन की शुरुआत कर सकें और समाज व परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।

लोक अदालत के पश्चात जिला जेल परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों को विधिक सहायता, नि:शुल्क अधिवक्ता योजना, जेल लोक अदालत, लीगल एड क्लीनिक तथा अपील संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीष शर्मा, खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी श्री अविनाश छारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, जेल अधीक्षक श्री रामलाल सहलाम, अधिवक्ता श्री रजनीष राहंगडाले, सामुदायिक मध्यस्थ श्री दिनेश कुमार सोनेकर सहित लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्टाफ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




# प्रतिबंध के बावजूद नलकूप खनन का मामला, थानेगांव में मशीन की गई जब्त

**नवभारत, वारासिवनी।** वारासिवनी तहसील क्षेत्र के ग्राम थानेगांव में प्रतिबंध के बावजूद नलकूप खनन किए जाने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीप पिता उदय लाल ठाकरे द्वारा अपने खेत में नलकूप खनन कराया जा रहा था, जबकि सम्पूर्ण बालाघाट जिले में इस पर रोक लागू है। मामले की जानकारी मिलने पर तहसीलदार श्री सुरेश उपाध्याय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जांच में प्रतिबंध के बावजूद खनन कार्य जारी पाए जाने पर नलकूप खनन मशीन को तत्काल जब्त कर लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भू-जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने किसानों से नियमों का पालन करने और जल संरक्षण में सहयोग देने की अपील की है।

# 1 मई को 'अजमत हरमन कॉन्फ्रेंस' का आयोजन देशभर के उलेमा और नातख्वां होंगे शामिल



**नवभारत, बालाघाट।** शहर में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल को और मजबूत करने के उद्देश्य से आगामी 1 मई 2026 (जुमा, नमाज़-ए-इशा के बाद) को अंजुमन शादी हॉल, बैहर रोड में 'अजमत हरमन कॉन्फ्रेंस' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन अहले सुन्नत शहर व जिला बालाघाट के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से नामचीन उलेमा-ए-किराम, नातख्वां और इस्लामी विद्वान शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मशहूर इस्लामी विद्वान सैय्यद नूरानी मियां अशरफ अरकजी उल जिलानी (किछौछा शरीफ, उत्तर प्रदेश) अपनी विशेष तकरीर पेश करेंगे। वहीं, सदर-ए-मजलिस के तौर पर खतीब-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती-ए-आज़म फाज़िले नौजवान हजरत अल्लामा मौलाना आमिर रजा चतुर्वेदी (अकोला, महाराष्ट्र) मौजूद रहेंगे, जो अपने इल्मी बयान से श्रोताओं को संबोधित करेंगे।


इसके अलावा कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित शख्सियतें भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। इनमें प्रमुख रूप से उस्ताद-उल-उलेमा खलीफा-ए-हजूर शेर राजा शरीफ मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना अब्दुल हबीब नूरी (काजीपुर, राजस्थान) और आले नबी औलादे अली हजरत अल्लामा मौलाना हाफिज व कारी सैय्यद सैफ उद्दीन (बुरहानपुर) शामिल हैं।

कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए मशहूर नातख्वां भी अपनी आवाज़ से महफिल को रूहानी रंग में रंग देंगे। इनमें हाफिजा शमीम, अब्दुल वहीद नूरी, मोहम्मद शमीम नूरी, मुफ्ती आफताब अहमद मिस्बाही, नजीर रजा, गुलाम मुस्तफा, राशिद हक मिस्बाही, शब्बीर अशरफी, जफर रजा, खुर्शीद आलम, कारी कलीमुल्लाह, गुलाम गौस और अब्दुल अजीज जैसे नाम शामिल हैं।

आयोजन समिति ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य समाज में भाईचारे, शांति और इस्लामी शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करना है। साथ ही नई पीढ़ी को दीन की सही राह दिखाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का प्रयास भी किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

आयोजकों ने जिले और आसपास के क्षेत्रों के सभी लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रूहानी महफिल में शामिल होकर अपने ईमान को ताज़ा करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए विशेष इंतजाम भी किए गए हैं।

## अनिल शर्मा जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के महासचिव नियुक्त



**नवभारत, लालबर्रा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस नई कार्यकारिणी में लालबर्रा सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष और क्षेत्र के लोकप्रिय नेता अनिल शर्मा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। जनता के बीच 'बब्ली शर्मा' के नाम से पहचाने जाने वाले अनिल शर्मा अब जिला स्तर पर संगठन की कमान संभालेंगे।

?संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कामले द्वारा 25 अप्रैल 2026 को जारी इस सूची के अनुसार, श्री शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आपसी समन्वय और सक्रियता के साथ पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करें। अनिल शर्मा की इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे संगठन के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है।

## सटोरिया सतीश सनपाल के हलफनामे के सत्यापन के लिये मोहलत

**जबलपुर।** आईपीएल में सट्टा खिलाने के आरोप में फंसे सतीश सनपाल ने दुबई में भारतीय दूतावास से सत्यापन करवा कर हाईकोर्ट में अपना वकालतनामा पेश किया है। सरकार ने उक्त हलफनामें का सत्यापन कराने मोहलत मांगी। जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने सरकार को मोहलत देते हुए अगली सुनवाई 13 मई को निर्धारित की है। मूलत- जबलपुर के रहने वाले सतीश सनपाल के खिलाफ आईपीएल में सट्टा खिलाने के आरोप में ओमती सहित अन्य थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। फिलहाल दुबई में रहने के कारण सतीश की ओर से पॉवर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से उक्त प्रकरणों को निरस्त कराने हाईकोर्ट में पांच याचिकाएं दायर की गई।

# नगर विकास समिति ने रखे पक्षियों के लिए पानी के सकोरे

**भीषण गर्मी में पेश की मानवता की मिसाल, पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की अपील**



**नवभारत कटंगी 26 अप्रैल।** तपती गर्मी में जहां इंसान राहत के उपाय खोज रहा है, वहीं मूक पशु-पक्षी प्यास और भूख से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखने के साथ-साथ जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड कटंगी के ग्रामों एवं नगरों में समितियों के माध्यम से यह पुनीत कार्य निरंतर किया जा रहा है, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को पेयजल उपलब्ध हो सके और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक किया जा सके।

### विश्राम गृह परिसर व आसपास बांधे गए सकोरे

कटंगी नगर में नगर विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था तथा सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय विश्राम गृह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पेड़ों पर पानी के सकोरे बांधे गए। इस अवसर पर आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### लोगों से अपील, मूक जीवों के लिए बनें सहारा

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों से भावपूर्ण अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पशु-पक्षियों के लिए पानी के सकोरे एवं दाना अवश्य रखें। छोटी-सी पहल भीषण गर्मी में असंख्य मूक जीवों के जीवन को बचा सकती है। यह न केवल दया और संवेदनशीलता का परिचायक है, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत, व्याख्याता लाल बहादुर राहंगडाले, अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, सोनू राहंगडाले, अरविंद दरवाडे परामर्शदाता, शैलेंद्र वाघमारे नगर विकास समिति अध्यक्ष, स्वाति हनवत सचिव, कमलेश बघेल, नेमचंद मानकर, शिवम कोकोड़े, डॉ. दिशा देशपांडे, सुनैना कुंभरे, उर्वशी पटले, दीपक शरणागत, अंकित गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय जेल में 265 बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति का वृहद स्वास्थ्य व विधिक साक्षरता शिविर आयोजित**



**नवभारत, जबलपुर।** हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष जस्टिस विवेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में केंद्रीय कारागार में वृहद स्वास्थ्य व विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुडक़र कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें 265 बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इसी के साथ जस्टिस विवेक अग्रवाल ने बंदियों को विधिक सहायता संबंधी जानकारी दी गई। बेहतर स्वास्थ्य व उनके प्रकरणों के निराकरण हेतु समय पर उचित कार्यवाही करने, बंदियों को मिलने वाली माफी की जानकारी से बंदियों को अवगत कराने व नियमानुसार बंदियों को माफी का लाभ दिए जाने निर्देशित किया गया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज से आए हुए जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, स्किन व वीडी, स्त्री रोग, ईएनटी, डेन्टल, न्यूरोलाजी, मनोरोग, अस्थिरोग, शिशुरोग, अंकोलाजीए नेफ्रोलाजी विभाग के चिकित्सकों द्वारा जेल में परिरूद्ध कुल 265 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व उनके उपचार हेतु जरूरी दवाईयों का वितरण भी किया गया। जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर, उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश, उप जेल अधीक्षक रूपाली मिश्रा व सहायक जेल अधीक्षक अंजू मिश्रा का सहयोग रहा। संचालन सहायक जेल अधीक्षक हिमांशु तिवारी ने किया।

# तीन सूने घरों के टूटे ताले, लाखों का माल ले उड़े चोर

**गोराबाजार, अधारताल, बरेला में वारदात**

**जबलपुर।** बेखौफ चोरों ने तीन सूने घरों में धवा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात, नकदी समेत लाखों का माल पार कर दिया। ये वारदातें अधारताल, गोराबाजार, बरेला थाना क्षेत्र में हुई है।

अधारताल पुलिस के मुताबिक धनराज पटेल 49 वर्ष निवासी कृष्णा विहार कोलानी मैत्री नगर महाराजपूर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह रेल्वे में नौकरी करता है। 22 अप्रैल की रात घर में ताला लगाकर उज्जैन गया था जहॉ से सुबह घर वापस लौटा तो बाउड्री वाल के गेट वं घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था अंदर रखी अलमारियों खुली पडी थी जिसमें रखे नगदी 10 हजार रूपए, गुल्लक में रखे लगभग 5 हजार रूपए, एवं चांदी की 3 जोड बिछिया, 2 जोड पायल, चांदी के बर्तन, पुराने सिक्के, बेसलेट 3 चूडी गायब थी। अज्ञात चोर नगद 15 हजार एवं चांदी के बर्तन व जेवर चुरा ले गया है।

इसी प्रकार बरेला थाने में शेष नारायण दुबे 60 वर्ष निवासी डुण्डी बरेला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह किराना दुकान चलाता है, भतीजे की शादी में परिवार सहित जबलपुर घर में ताला लगाकर गया था। जब घर आया तो देखा कि दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ था सामान फैला हुआ था अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात, नगद डेढ़ लाख गायब थे।

सीसीटीव्ही में दो चोर चोरी करते दिख रहे है। इसी प्रकार गोराबाजार थाने में छोटू सोंधिया 23 वर्ष निवासी राजुल टाउन शिप ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह चग्गर फार्म में हितेन्द्र सिंह के घर मे खाना बनाने का काम करता है। घर में ताला लगाकर वह एवं उसकी पत्नि उषा सोधिया हितेन्द्र सिंह के मकान में काम करने चले गये थे। शनिवार सुबह 06 बजे अपने घर लोबो कालोनी राजुल टाउन सिप आये तो देखा की घर का मेन दरवाजा का ताला एव कुंदा टुटा हुआ था। अलमारी में रखे जेवरात गायब थे।

### संजीवनी नगर से ई रिक्शा चोरी

संजीवनी नगर थाने में विभा पाण्डे निवासी जोशी मोहल्ला गढा पुरवा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके नाम से एक ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एच 5923 है, जिसको पति रामू पांडे चलाते है। जिसे साई परिसर में खडा कर लॉक कर दिए थे। जिसे अज्ञात चोर चुराकर ले गए ।